देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 149 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**भाषा के जरिए शोषण की बू



# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 12 सितंबर 2020



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम | अधिकतम 30.0° | न्यूनतम 22.0°

39280.41

2 मैं अमेरिका का चीयरलीडर हूं: ट्रंप

7 विराट कोहली को क्यों बताया दुश्मन

## संक्षिप्त समाचार

### रिया को जेल में ही रहना होगा, जमानत याचिका खारिज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। ड्रग चौट मामले में रिया चक्रवर्ती व अन्य की 5 आरोपियों की जमानत याचिका पर फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने सभी की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। रिया चक्रवर्ती 14 दिन की न्यायिक हिरासत में हैं इसलिए अभी उन्हें भायखला जेल में ही रहना होगा। ड्रग्स मामले में एनसीबी ने जिन लोगों की गिरफ्तारी की है उनमें रिया चक्रवर्ती, शौविक चक्रवर्ती, दीपेश सावंत, सैमुअल मिरांडा, जैद विलात्रा, अब्दुल बासित के नाम शामिल हैं। रिया पर ड्रग्स मुहैया करवाने, ड्रग्स के लिए पैसे देने, सुशांत के साथ पेडलर्स संग सीधे संबंध रखने, शौविक, सैमुअल, दीपेश को ड्रग्स के लिए इंस्ट्रक्शंस देने के आरोप हैं।

### राहुल का मोदी सरकार पर बड़ा हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चल रहे तनाव के बीच पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी सरकार पर हमला बोला है। वायनाड से सांसद राहुल ने कहा कि चीन ने हमारी जमीन पर कब्जा कर लिया है और सरकार इसे वापस हासिल करने के लिए क्या कर रही है। राहुल ने अपने ट्वीट में लिखा है, चीनियों ने हमारी जमीन ले ली है।

### इस्तीफे के बाद रघुवंश प्रसाद सिंह ने नीतीश कुमार को लिखा पत्र

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले आरजेडी के दिग्गज नेता रघुवंश प्रसाद सिंह ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। गुरुवार को उनके इस्तीफे का पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद रघुवंश प्रसाद सिंह का एक और पत्र सामने आया है जो कि उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लिखा है। दिल्ली के एम्स में इलाज के लिए भर्ती रघुवंश प्रसाद सिंह ने इस पत्र में नीतीश कुमार से कई मांगों को पूरा करने की अपील की है।

# सीमा पर गुस्ताखी की तो खैर नहीं

## बैठक में एनएसए डोभाल, जनरल रावत और तीनों सेना प्रमुख मौजूद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत-चीन सीमा पर काफी लंबे समय से तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। कई बार दोनों देशों के बीच कमांडर लेवल की बातचीत हो चुकी है, लेकिन हर दिन के साथ बॉर्डर पर माहौल बिगड़ता जा रहा है। चीन की तरफ से भारी तैनाती होती है तो भारत भी आगे बढ़कर मुंह तोड़ जवाब देता है। अब भारत में चीन के जुड़ी सीमा पर सुरक्षा के मद्देनजर एक बैठक भी चल रही है। रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, एनएसए अजीत डोभाल, रक्षा स्टाफ के प्रमुख जनरल बिपिन रावत और तीनों सेना प्रमुखों के साथ चीन सीमा पर जारी स्थिति पर चर्चा करने के लिए सुरक्षा समीक्षा बैठक कर रहे हैं।

इससे पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में मौजूदा तनाव पर गुरुवार को

**■रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की हाई लेवल मीटिंग**

मॉस्को में चीन के राज्य मंत्री और विदेश मंत्री वांग यी के साथ विस्तृत चर्चा की। बैठक ढाई घंटे तक चली। सरकारी सूत्रों के अनुसार, जयशंकर ने कहा कि जैसा कि पूर्वी लद्दाख में हाल की घटनाओं ने द्विपक्षीय संबंधों के विकास को अनिवार्य रूप से प्रभावित किया है, वर्तमान स्थिति का तत्काल समाधान दोनों देशों के हित में होगा।

सूत्रों ने बताया कि बातचीत में जयशंकर ने भारत के इस मत को मजबूती से सामने रखा कि एलएसी पर अमन व शांति के बिना द्विपक्षीय संबंध मजबूत नहीं हो सकते। मई, 2020 में चीनी सैनिकों के वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) का अतिक्रमण किए जाने के बाद जयशंकर व वांग यी के बीच यह पहली मुलाकात थी। मॉस्को में हुई मुलाकात के बारे में देर रात तक दोनों पक्षों की तरफ से कोई बयान जारी नहीं किया गया। इससे यह संकेत मिला कि बातचीत का कोई सकारात्मक निष्कर्ष नहीं निकला। हालांकि, शुक्रवार तड़के सुबह दोनो देशों ने जो संयुक्त साझा बयान जारी किया है। पिछले हफ्ते दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों की भी मॉस्को में इसी हालात में बातचीत हुई थी और उसके बारे में भी आधिकारिक तौर पर बहुत देर बाद सूचना दी गई थी।

सूत्रों ने कहा कि अपनी चर्चा के अंत में, मंत्रियों ने पांच बिंदुओं पर एक समझौता किया, जो मौजूदा स्थिति के लिए उनके दृष्टिकोण का मार्गदर्शन करेगा। बता दें कि भारत और चीन अप्रैल-मई से चीनी सेना द्वारा फिंगर एरिया, गलवन घाटी, हॉट स्प्रिंग्स और कोंगरुंग नाला सहित कई क्षेत्रों में किए गए हमले को लेकर आमने-सामने हैं।

### दोनों नेताओं में इन पांच प०इंट पर सहमति

एस जयशंकर और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच 5 बिंदुओं पर सहमति बनी है। 1-दोनों देश मान रहे हैं कि आपसी मतभेदों को विवाद नहीं बनने दिया जाए। 2-सहमति बनी है कि विवाद वाली जगहों से सेना पीछे हटा ली जाए। 3-तय कार्यक्रम के अनुसार, विभिन्न स्तर पर वार्ता जारी रहेगी। 4-दोनों देश मौजूदा संधियों और प्रोटोकॉल्स को मानने के लिए सहमत हैं। 5-कोई देश ऐसा कदम नहीं उठाएगा जिससे तनाव और बढ़े। गौर करने वाली बात ये भी है कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और यी के बीच इन मुद्दों पर दो महीने पहले भी सहमति बनी थी लेकिन ड्रैगन ने दे दिया था धोखा।

### भारत का बदला मिजाज देख हैरान-परेशान है चीन

चीन इस बात से हैरत में पड़ा है कि भारत ने 29-30 अगस्त की रात को कैसे पेंगोंग झील, स्पांगुर गैप, रेजंग दर्रे और रेचिन पहाड़ियों से गुजरने वाले रेकिन दर्रे पर अपनी मोर्चेबंदी कैसे कर ली। स्वाभाविक है कल तक जो चीन सामरिक चोटियों पर कब्जे की बदौलत हेकड़ी दिखा रहा था, अब भारत के सामने अपनी स्थिति कमजोर होती देख बौखलाहट का शिकार होगा ही।

# छात्रों के लिए मार्कशीट 'प्रेशर शीट' और परिवार के लिए 'प्रेस्टीज शीट' है

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर के शिक्षकों को किया वर्चुअल संबोधित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। राष्ट्रीय शिक्षा नीति आने के बाद अब पूरा जोर इसके अमल को लेकर है। इसके तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21वीं सदी में स्कूली शिक्षा के विषय पर देशभर के शिक्षकों को वर्चुअल संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति नए भारत की, नई उम्मीदों की, नई आवश्यकताओं की पूर्ति का माध्यम है। इसके पीछे पिछले 4-5 वर्षों की कड़ी मेहनत है। उन्होंने कहा कि छात्रों के लिए मार्कशीट 'प्रेशर शीट' और परिवारों के लिए 'प्रेस्टीज शीट' बन गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का लक्ष्य इस दबाव को दूर करना है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अमल और सभी जिम्मेदार लोगों तक इसे पहुंचाने के लिए शिक्षा पर्व का आयोजन किया जा रहा है। यह पर्व आठ से 25 सितंबर तक चलेगा। पीएम ने कहा कि, 2022 में जब आजादी के 75 वर्ष पूरे होंगे तब भारत का हर स्टूडेंट राष्ट्रीय शिक्षा नीति द्वारा तय किए गए दिशा-निर्देशों में पढ़े ये हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। मैं सभी शिक्षकों, प्रशासकों, स्वयंसेवी संगठनों और अभिभावकों से आह्वान करता हूं कि वे इस मिशन में अपना सहयोग दें। पढ़ाई से मिल रहे इस तनाव से अपने बच्चों को बाहर निकालना राष्ट्रीय शिक्षा नीति का प्रमुख उद्देश्य है। परीक्षा इस तरह होनी चाहिए कि छात्रों पर इसका बेवजह दबाव न पड़े। कोशिश ये होनी चाहिए कि केवल एक परीक्षा से विद्यार्थियों को मूल्यांकन न किया जाए। सीख तो बच्चे तब भी रहे होते हैं जब वो खेलते हैं, जब वो परिवार में बात कर रहे होते हैं, जब वो बाहर आपके साथ घूमने जाते हैं। लेकिन अक्सर माता-पिता भी बच्चों से ये नहीं पूछते कि क्या सीखा? वो भी यही पूछते हैं कि मार्क्स कितने आए। हर चीज यहीं आकर अटक जाती है।

> *मुझे खुशी है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने के इस अभियान में हमारे प्रधानाचार्य और शिक्षक पूरे उत्साह से हिस्सा ले रहे हैं। कुछ दिन पहले शिक्षा मंत्रालय ने देशभर के शिक्षकों से उनके सुझाव मांगे थे। एक सप्ताह के भीतर ही 15 लाख से ज्यादा सुझाव मिले हैं:* ***पीएम मोदी***



# कंगना रनौत से पंगा लेना शिवसेना को पड़ा भारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अयोध्या। बॉलिवुड की अभिनेत्री कंगना रनौत से शिवसेना को पंगा लेना भारी पड़ गया है। अयोध्या में संतों ने उद्धव ठाकरे पर हमला बोला है। संतों ने उद्धव का विरोध शुरू कर दिया है। संतों और विश्व हिंदू परिषद ने घोषणा की है कि उद्धव अयोध्या न आएं। यहां आने पर उनका स्वागत नहीं होगा बल्कि उन्हें विरोध झेलना पड़ेगा। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि ने भी कंगना रनौत को देश की बेटी बताया है। उन्होंने भी उद्धव ठाकरे को अयोध्या न आने की धमकी दी है।

हनुमान गढ़ी मंदिर के पुजारी महंत राजू दास ने कंगना के दफ्तर को तोड़ने का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे या शिवसेना का कोई भी नेता अयोध्या में आया तो उनका विरोध होगा। संत उनकी करतूत के खिलाफ हैं। बीएमसी ने कंगना का दफ्तर तोड़कर अच्छा नहीं किया। हनुमान गढ़ी मंदिर के पुजारी महंत राजू दास ने कहा कि सरकार ने बिना समय दिए कंगना का दफ्तर गिरा दिया और पालघर में साधुओं की हत्या मामले में कोई सख्त ऐक्शन नहीं लिया। महंत कन्हैया दास ने कहा कि उद्धव ठाकरे का अयोध्या में स्वागत नहीं है। अह शिवसेना वह नहीं रही, जो कभी बालासाहेब ठाकरे के अधीन हुआ करती थी।

### धमकी

संतों ने दी धमकी, अयोध्या न आएं उद्धव ठाकरे, नहीं तो...

### दाऊद का घर छोड़ दिया और कंगना का तोड़ दियाः फड़णवीस

मुंबई। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ शिवसेना और एक्ट्रेस कंगना रनौत के बीच जारी घमासान ने सियासी रंग ले लिया है। पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कंगना रनौत के दफ्तर को तोड़े जाने को लेकर उद्धव ठाकरे सरकार पर निशाना साधा है। फडणवीस ने कहा है कि दाऊद इब्राहिम का घर नहीं तोड़ा जाता, जबकि कंगना का घर तोड़ दिया जा रहा है।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# देश में कोरोना की तेज रफ्तार जारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

**कोरोना मरीजों की संख्या बढ़कर 45 लाख के पार**

नई दिल्ली। भारत में एक दिन में कोविड-19 के 96,551 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमण के मामले बढ़कर शुक्रवार को 45 लाख के पार चले गए। वहीं 1,209 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 76,271 हो गई। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि शुक्रवार तक 35 लाख से अधिक लोग संक्रमण मुक्त हो गए हैं। मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार देश में कोविड-19 के मामले बढ़कर 45,62,414 हो गए हैं। जबकि 35,42,663 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। मृत्यु दर गिरकर 1.67 प्रतिशत हो गई और मरीजों के ठीक होने की दर 77.65 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार देश में अभी 9,43,480 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 20.68 प्रतिशत है।

भारत में कोविड-19 मरीजों की संख्या सात अगस्त को 20 लाख के पार हो गई थी। यह 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितंबर को 40 लाख के पार पहुंच गई थी।